बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

पत्रांक :– मो0–03–कार्य–डी0–07/20–IV– 340

प्रेषक,

ई0 ब्रजेश मोहन
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

सेवा में,

मुख्य अभियंता (उत्पादन)
बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेट,
पटना।

पटना, दिनांक : 11/02/26

विषय : पश्चिमी लिंक नहर, सोन बराज प्रमंडल, इन्द्रपुरी, रोहतास के किनारे 10 मेगावाट (AC) ग्रिड कनेक्टेड कैनाल बैंक सौर परियोजना अधिष्ठापन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र के संबंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक 1060, दिनांक 15.12.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सोन पश्चिमी संयोजक नहर के 0.00 कि०मी० से 1.00 कि०मी० तक नहर के चार्ट लैंड में (80 M x 1000 M) कुल 80000 वर्ग मीटर भूमि (नजरी नक्शा संलग्न) पर 10 मेगावाट (AC) ग्रिड कनेक्टेड कैनाल बैंक सौर परियोजना अधिष्ठापन हेतु निम्नलिखित शर्तों के साथ अनापत्ति निर्गत किया जाता है :–

1. सौर ऊर्जा संयत्र (पैनल) स्थापनार्थ हेतु प्रस्तावित भूमि पर जल संसाधन विभाग का स्वामित्व बना रहेगा।

2. सोन पश्चिमी संयोजक नहर के चार्ट लैण्ड पर अधिष्ठापित किये गये सौर ऊर्जा संयत्र से नहर संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए, यदि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसके निराकरण की सारी जवाबदेही बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड की होगी।

3. प्रयुक्त भूमि के साफ–सफाई, जल निकासी एवं सुरक्षा आदि की सारी जवाबदेही बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड की होगी।

4. सौर ऊर्जा संयत्र (पैनल) के अतिरिक्त अन्य कोई भी स्थायी/अस्थायी संरचना का निर्माण बिना जल संसाधन विभाग के अनुमति के नहीं किया जायेगा।

5. बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा सोन बराज इन्द्रपुरी के विद्युत आवश्यकता (लगभग 75000 यूनिट प्रतिमाह) की आपूर्त्ति निःशुल्क कराना होगा।

6. भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर जल संसाधन विभाग उक्त भूमि का उपयोग करने हेतु स्वतंत्र रहेगा, जिसपर बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड का किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

7. उक्त शर्तों का उल्लंघन करने पर अनापत्ति प्रमाण–पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

अनु०:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

11/02/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक : मो0–03–कार्य–डी0–07/20–IV– 340 पटना, दिनांक : 11/02/26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना/संयुक्त सचिव, (अभियंत्रण), जल संसाधन विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग डिहरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/02/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक : मो0–03–कार्य–डी0–07/20–IV– 340 पटना, दिनांक : 11/02/26

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/02/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक : मो0–03–कार्य–डी0–07/20–IV– 340 पटना, दिनांक : 11/02/26

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव महोदय के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

11/02/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय